# होम वोटिंग के द्वितीय चरण में 3737 ने किया मतदान

**उदयपुर** । विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत होम वोटिंग का द्वितीय चरण सोमवार से प्रारंभ हुआ। इसमें 59 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन ने घर बैठे मतदान किया। इसके साथ ही अब तक जिले में कुल 3737 चिन्हित वरिष्ठजन और दिव्यांगजन अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। इस बीच सोमवार से अनिवार्य सेवाओं से जुड़े कार्मिकों के लिए रिटर्निंग अधिकारी मुख्यालयों पर मतदान की सुविधा भी प्रारंभ हुई। पहले दिन 45 कार्मिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी कुशल कोठारी ने बताया कि होम वोटिंग के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को मतदान दलों ने प्रथम चरण में घर से अनुपस्थित मिले मतदाताओं के घरों पर दोबारा दस्तक दी। इस दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के 50 वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 9 दिव्यांगजनों ने घर बैठे अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए मतदान दलों के दो बार जाने का प्रावधान है। उदयपुर जिले में अब तक 28 वरिष्ठ नागरिक और एक दिव्यांगजन मतदाता ऐसे चिन्हित हुए, जो मतदान दलों के दो-दो बार घर आने पर भी अनुपस्थित मिले। अब यह मतदाता बूथ पर जाकर भी वोटिंग नहीं कर पाएंगे। वहीं जिले में अब मात्र 19 मतदाता ऐसे शेष हैं, जिनके घर पर टीम दूसरे चरण में मंगलवार को पहुंचेगी और मतदान के लिए उनके पास यह अंतिम अवसर होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार अनिवार्य सेवा से जुड़े कार्मिकों के लिए रिटर्निंग अधिकारी मुख्यालय पर स्थापित किए गए बूथों पर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई है। पहले दिन जिले के 8 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 45 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। उल्लेखनीय है कि जिले में अनिवार्य सेवाओं से जुड़े कुल 258 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन किया है।

## भागवत कथा का आयोजन

**राजसमन्द**,(निसं)। जिला मुख्यालय पर भिक्षु निलयम के समीप चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को संत दिग्विजय राम महाराज ने विभिन्न कथा प्रसंगों का चित्रण किया। वहीं, प्रभु प्राप्ति का मार्ग समझाते हुए श्रद्धालुओं को प्रभु भक्ति से जोडा। प्रारम्भ में महोत्सव समिति सदस्य रमेशप्रकाश बापडोत, पुष्पेन्द्र, बंशीलाल, जगदीशचन्द्र, ओमप्रकाश बापडोत, अजय आदि ने भागवत पोथी एवं व्यास पीठ पूजन कर आरती उतारी वहीं संतप्रवर का वंदन किया। संत दिग्विजय राम महाराज ने हरिसुन्दर नंद मुकुंदा हरि नारायण हरिओम..के जरिए धर्मप्रेमियों को प्रभुनाम संकीर्तन कराया। इसके बाद उन्होंने नैमीशारण्य में 88 हजार ऋषिवृन्द एवं सुतजी महाराज के मध्य हुए संवाद का वर्णन शुरू किया। इसके अन्तर्गत सोनकादिक ऋषियों द्वारा मनुष्य के लिए कल्याण के मार्ग के सन्दर्भ में पूछे गए प्रश्न व सुतजी महाराज के उत्तर पर चर्चा करते हुए संतप्रवर ने कहा कि प्रभु भक्ति ही जीव के कल्याण का परम मार्ग है।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**डूंगरपुर**, (निसं)। विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती में पूर्व छात्र स्नेह मिलन के साथ ही दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक विकास राज भाई तथा मुख्य अतिथि अमित पंचाल, विशिट अतिथि योगेन्द्र शर्मा एवं अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा ने करते हुए पुरातन छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहां कि छात्र स्नेह मिलन की शुरुआत पूर्व छात्रों को पुनः अपने बाल्यकाल के शिक्षा सहपाठियों के साथ ही संस्कारों को जीवित रखने के लिए की गयी है। शर्मा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में यदि कही भी पाठशाला का अंश है तो वही गुरु के प्रति सच्ची गुरुदीक्षा है। व्यक्ति के आचरण में यदि संस्कारो की श्रृंखला अनवरत है तो वह जीवन मे कभी विफल नहीं हो सकता, यही उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बांसवाडा के विभाग प्रचारक विकास राज भाई साहब ने कहा किए जैसे पेड अपनी जडो पर गर्व महसूस करता है, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन की प्रारंभिक जडो विद्यालय पर गोरवन्वित होकर उसे भूलना नहीं चाहिए।

उन्होंने छात्रों को जीवन में सदैव लक्ष्य के साथ आगे बढने की सलाह देते हुए नव भारत के निर्माण में स्वावलंबी बन कर दूसरों के लिए रोजगार खोलने को प्रेरित करते हुए पूर्व छात्रों को समाज के साथ ही पर्यावरण को सुदृढ बनाने में आगे आने का भी आग्रह किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र से जुडे छात्रों को संस्कार केन्द्र के माध्यम से सेवा बस्तियों में बच्चो को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार में अपना समय देने की बात रखी। छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किया तथा संस्कार एवं शिक्षा के महत्व को बताया । कार्यक्रम प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया गया जिसमें पूर्व भैया बहन ने बढ चढ कर भाग लिया। इस अवसर विद्याभारती के जिला सचिव जितेंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष सुभाष मेहता, जिला सदस्य ओमप्रकाश चौबीसा, केशव सुथार, भूपेश शर्मा, पवन जैन, वीणा चौबीसा, मंजुरानी चौबीसा, घनश्याम भंडारी, महाश्वेता चौबीसा, उषा जी रावल, उर्मिला जी रावल, अनिता पंचाल, रश्मि, अभिषेक पंड्या, विशाल,राजेंद्र चौहान, योगेंद्र, कुलदीप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पद्मा व मयंक ने संयुक्त से किया तथा आभार सुभाष मेहता के ज्ञापित किया।

## जिला न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों की ली बैठक

**बांसवाडा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश अरूण कुमार अग्रवाल ने आगामी 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में बांसवाडा न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली। विधिक सेवा अधिनियम के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालत का आयोजन किया जाता है ताकि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में विवाद का अंतिम रूप से निस्तारण हमेशा के लिए सौहार्दपूर्ण तरीके से हो सकें और इसी क्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसम्बर को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक ऑनलाईनध्ऑफलाईन आयोजित की जायेगी। प्राधिकरण अध्यक्ष अग्रवाल ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को रैफर करने तथा जिन प्रकरण को लोक अदालत के लिए रैफर किया गया उन प्रकरणों में पक्षकारों को बुलाकर प्री-काउंसलिंग करने तथा निर्धारित तिथि व समय पर डोर-स्टेप काउंसलिंग करवाने के भी निर्देश दिये हैं ताकि लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों का निस्तारण हो सकें।

लोक अदालत के लिये रैफर किये गये प्रकरणों में समझाईश के लिए विशेषज्ञ व्यक्तियों की बतौर काउंसलर सेवाएं ली जा सकती है। अग्रवाल ने सभी बीमा कंपनियों से भी अपील की है कि जिनके प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण या श्रम न्यायालय के समक्ष लंबित है वे उन सभी प्रकरणों की सूची संबंधित न्यायालय या अधिकरण में पेश करें जिनमें वे राजीनामा करने के लिये तत्पर है तथा न्यायिक अधिकारी द्वारा भी इस प्रकार के प्रकरणों की सूची ली जावें ताकि पक्षकारों को बुलाकर प्री-काउंसिलंग की व्यवस्था की जा सकें। उन्होंने इसके लिये न्यायिक अधिकारियों को बीमा कंपनियों से संपर्क करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन अर्थात ऐसे प्रकरण जिनमें भविष्य में न्यायालय में विवाद के आने की संभावना हो उन प्रकरणों को भी पक्षकार के आवेदन पेश करने पर राजीनामे के जरिये विवाद का निस्तारण करवा सकते हैं। उन सभी प्रकरणों को जिनमें राजीनामे की संभावना हो, न्यायालय द्वारा लोक अदालत को रैफर किया जायेगा तथा कोई भी पक्षकार अपना आवेदन प्रस्तुत करके अपना प्रकरण लोक अदालत में रखवा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन समस्त प्रकार के न्यायालयों, जिसमें समस्त राजस्व न्यायालय, समस्त उपभोक्ता मंच, सभी प्रकार के अधिकरणों, लैबर न्यायालयों में किया जायेगा। लंबित प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन दोनों प्रकार के प्रकरणों में पक्षकारों को ऑनलाईन व ऑफलाईन सुनवाई का अवसर प्रदान किया जायेगा।

## यूपी के सीएम योगी आज डूंगरपुर में

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 21 नवंबर को डूंगरपुर पहुंचेंगे। वे शहर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बडी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। योगी आदित्यनाथ की सभा को लेकर भाजपा ने तैयारियां कर ली है। वहीं, सुरक्षा एजेंसियां और भाजपा कार्यकर्ता योगी आदित्यनाथ के दौरे की तैयारियों में जुट गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 नवम्बर मंगलवार को डूंगरपुर आयेगे। मंगलवार को प्रातः 11 बजे शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में योगी आदित्यनाथ का हेलिकोप्टर लैंड करेंगा। इसके बाद में वे सडक मार्ग से रामबोला मठ पहुंचेगे। मठ में भगवान राम के दर्शन के बाद वे महंत हरिकिशोरदास महाराज से मुलाकात करेंगे। इसके बाद योगी आदित्यनाथ सडक मार्ग से करीब 2 किलोमीटर दूर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचेगे। जहां वे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बडी जन सभा को सम्बोधित करेंगे।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम

**राजसमंद**, (निसं)। विजयवर्गीय समाज का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम महालक्ष्मी मंदिर कांकरोली पर आयोजित किया गया। समाज अध्यक्ष राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज बंधुओं ने रामस्नेही संत दिग्विजय राम महाराज की भागवत कथा श्रवण का आनंद लिया।

## आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउण्डेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता राजनीतिक दल का नाम :- **अंगुरलाल भील**

**नि. बोरो का गुडा, तह. बडगाँव जिला उदयपुर**

**राजनेतिक दल का नामः भारत आदिवासी पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- विधानसभा आम चुनाव 2023

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 154- मावली से सदस्य का चुनाव)**

मैं **अंगुर लाल भील** ..(अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ।

(क) **लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिती | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) और अपराध (अपराधों का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | J.M. (N)2 उदयपुर | 151/09 24.7.09 | 110/09 31-7-09 विचाराधीन | 341, 323, 34 आईपीसी |
| 2 | ACJM (PCPNDT) उदयपुर | 160/18 12.4.18 | 103/18 30-4-18 विचाराधीन | 16/54 आबकारी अधिनियम |
| 3 | ACJM (PCPNDT) उदयपुर | 328/18 5.8.18 | 186/18 31-8-18 विचाराधीन | 16/54 आबकारी अधिनियम |

(ख) आपराधिक मामलों के लिये दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | ACJM(PCPNDT) उदयपुर 6/8/2012 | 16/54 आबकारी अधिनियम प्रोबेशन एवं जुर्माना | लागु नही |
| 2 | ACJM (PCPNDT) उदयपुर 27/1/2016 | 16/54 आबकारी अधिनियम प्रोबेशन एवं जुर्माना | लागु नही |

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने किया जनसंपर्क

**भीण्डर**, (निसं)। वल्लभनगर विधायक एंव कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने विधानसभा क्षेत्र के भोपाखेड़ा ,अमरपुरा खालसा, वल्लभनगर सहित आसपास के गांवों दौरा कर आमजन से मिलकर काठोस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुए विधानसभा क्षेत्र में करवाये गये विकास कार्यो की जानकारी दी । कुराबड में आयोजित होने वाली कांग्रेसकी विशाल जनसभा को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी संबोधित करेंगे जिसके लिए आम जनता से अपील करते हुए आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए भी आग्रह किया। तो वही जनसंपर्क के दौरान गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी शक्तावत के पुत्र विंध्यराज सिंह एवं पुत्री गौरवी शक्तावत ने भी जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान गांवों में पहुंचने पर विधायक एवं कांठोस प्रत्याशी प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत का ठाामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है तो वहीं कई स्थानों पर फलों व गुड़ से तोलकर स्वागत किया जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओ एंव विधानसभा क्षेत्रवासियो को सम्बोधित करते हुए वल्लभनगर विधायक एंव काठोस प्रत्याषी प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने कहा की काठोस सरकार हमेशा 36 कौम को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों ,फलों ,कस्बो व नगरो का समान विकास करती है। जो धर्म एंव राम की बात करते है तो राम तो कण कण में और सभी के मन में बसे हुए है। कोई ऐसा देषवासी नही है जिसके मन में राम नही बसे हुए है। राजस्थान सरकार ने आज शिक्षा के क्षैत्र में काम करते हुए हर गरीब का बच्चा भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके ऐसी व्यवस्था की , चिकित्सा के क्षैत्र में मुंख्यमत्री चिरजीवी योजना एक वरदान साबित हुई है। कानोड़ नगर में मॉडल चिकित्सालय के लिए 50 लाख की स्वीकृति, कानोड़ नगर में आईटीआई, कुराबड़ , भीण्डर, वल्लभनगर में महाविद्यालय की मांग को सरकार ने पुरा करते हुए राजकीय महाविद्यालय खोल दिया , आईटीआई के साथ ही तहसील के भवन के काम की सौगाते दी। विधानसभा परिवार मे सभी को एक समान एक साथ विकास के काम दिये है जिससे उस क्षैत्र का चहुमुखी विकास हुआ है। काठोस द्वारा जारी की गई 7 गांरटीयो की जानकारी दी और कहा की काठोस की सरकार बनी तो महिलाओ के खातो में हर साल दस हजार रुपये आयेगे यह गांरटी काठोस सरकार दे रही है।

हर गरीब सोचता है मेरा बच्चा भी अठोजी माध्यम में पढाई करे लेकिन विपक्षी कहते है कि अठोजी माध्यम से क्या होगा तो आज में इस मंच के माध्यम से कहना चाहती हु की विपक्षीयो के बच्चे क्यु अठोजी माध्यम में पढ रहे है काठोस सरकार बनी तो राजस्थान का हर विद्यालय अठोजी माध्यम होगा जिससे गरीब का बच्चा भी अठोजी की षिक्षा प्राप्त कर सकेगा। दो सालो में जो आपने मांगा वो सभी मांगे पुरी हुई है ।

झूठे वादे, भ्रष्ट इरादे, हाल बदहाल
जनता पूछे कांग्रेस से
सवाल ?
राजस्थान में पेट्रोल-डीज़ल सबसे महंगा क्यों?
किसानों की कर्जमाफी के वादे का क्या हुआ?
5 साल में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ?
35,000 बेटियों के साथ दुष्कर्म क्यों?
राजस्थान में 7,800 निर्दोष नागरिकों की हत्या क्यों?
ड्रिल मशीन से शिवलिंग और बुलडोजर से राम दरबार क्यों तोड़ा?
डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ के 50,500 पद खाली क्यों?
13,000 स्कूल बंद हुए, शिक्षा व्यवस्था के प्रति इतनी लापरवाही क्यों?
जल जीवन मिशन में ₹20,000 करोड़ का घोटाला क्यों?
पीएम किसान सम्मान निधि में से 2.5 लाख किसानों के ₹170 करोड़ रुपए किसने गायब किए?
इस कुशासन का जवाब देंगे
इस बार भाजपा को चुनेंगे
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान